





## खबर संक्षेप

### परिवेदना कष्ट निवारण समिति की बैठक 25 को

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला परिवेदना कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का हुआ आयोजन 25 मार्च को प्रातः 10 बजे होगा। डीआरडीए के सभागार में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता जिला कष्ट निवारण समिति के चेयरमैन एवं हरियाणा के शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक से संबंधित सभी प्रकार की तैयारी कर निश्चित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### रिटायर्ड फौजी के खाते से 7.73 लाख गायब

**जींद।** साइबर ठगों ने रिटायर फौजी के बैंक खाते से सात लाख 73 लाख रुपये उड़ा लिए। साइबर थाना पुलिस शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। श्याम नगर निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आर्मी से रिटायर्ड है और अपना बिजनेस चलाता है। उसका बरवाला एचडीएफसी बैंक में खाता है। गत 27 नवंबर को जमीन की पेमेंट देने लिए बैंक से रुपये निकलवाने गया था। जब खाते से आरजीटीएस की कोशिश की तो पता चला कि खाते से 7.73 लाख रुपये गायब थे।

### ई-रिक्शा में सवार महिला के थैले से 50 हजार चोरी

**जींद।** ई-रिक्शा सवार महिला के थैले से 50 हजार गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। मलिकपुर निवासी रोशनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पचास हजार रुपये थैले में डाल कर फव्वारा चौक से ई रिक्शा में सवार हुई थी। उसके साथ एक और महिला सवार हो गई। जो कुछ दूर जाकर उतर गई। जब घर पहुंच कर थैले को संभाला तो 50 हजार रुपये गायब मिले।

### ट्रक की चपेट में आने से व्यक्ति की जान गई

**जींद।** आरा रोड पर तेजरफ्तार ट्रक की चपेट मे आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चंद्रलोक कालोनी निवासी शमशेर (70) पुरानी अनाज मंडी से आरा रोड पर पैदल अपने घर की जा रहा था। मीट मार्केट के निकट पीछे से आए ट्रक ने शमशेर को टक्कर मार दी पिछला टायर ऊपर से गुजर गया। जिसमें शमशेर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### युवक संदिग्ध परिस्थितियों में बाइक सहित लापता

**कैथल।** क्योड़क क्षेत्र से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में बाइक सहित लापता हो गया। शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में क्योड़क निवासी सुशील ने बताया कि उसके चाचा का लड़का मोनु उर्फ बिट्टू पुत्र श्रीनिवास 17 मार्च को शाम करीब 6 बजे घर से बिना बताए अपनी बाइक लेकर गया था। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साइबर ठगों ने ओटीपी पूछ खाते से 45 हजार उड़ाए

**कैथल।** सीवन के गांव खरकड़ा में एक व्यक्ति के मोबाइल नंबर से 45 हजार रुपये की साइबर ठगी कर ली। शिकायत पर सीवन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव खरकड़ा निवासी जंटा राम ने बताया कि उसके मोबाइल नंबर पर आया हुआ ओटीपी पूछ अज्ञात ने 45 हजार रुपये का ऑनलाइन फ्रॉड कर लिया। मामले की जांच अधिकारी एसआई संदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बेमौसमी बरसात से किसान चिंतित, तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट

## पश्चिमी विक्षोभ के चलते शुक्रवार को सुबह हलकी बूंदाबांदी, जिले में औसतन 3.5 एमएम बरसात, अलेवा में छह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ के चलते तीसरे दिन भी शुक्रवार को सुबह के समय हलकी बूंदाबांदी हुई। दोपहर बाद छटे बादलों ने किसानों को कुछ राहत दी। पिछले 24 घंटो के दौरान जिले मे 3.5 एमएम बारिश दर्ज की गई। बूंदाबांदी के चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 13 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 66 प्रतिशत तथा हवा की गति पांच किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को आंशिक



जींद। बारिश के बाद साफ हुआ मौसम। फोटो :हरिभूमि

बादलवाई आकाश में दिखाई देगी। मौसम शुष्क बना रहेगा। औसतन 3.5 एमएम बारिश, दो डिग्री लुढ़का तापमानः जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान औसतन 3.5 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश

### तापमान में होगा इजाफा

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि आगे मौसम साफ बना रहेगा। आंशिक बादलवाई भी दिखाई देगी। तापमान में भी इजाफा होगा।

अलेवा में छह एमएम दर्ज की गई। शुक्रवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। कुछ देर तक बूंदाबांदी भी होती रही। दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और आकाश से बादल छट गए। बूंदाबांदी के चलते अधिकतम तापमान भी दो डिग्री लुढ़क कर 21 और न्यूनतम 13 डिग्री पर आ गया। जींद में 4.2 एमएम, नरवाना में तीन एमएम, सफीदों एक एमएम, जुलाना में 3.3 एमएम, उचाना तथा पिल्लूखेड़ा में दो-दो एमएम, अलेवा मे छह एमएम बारिश दर्ज की गई है। दोपहर बाद बादल छटे तो मिली किसानों को राहत पिछले तीन दिनों से मौसम के तेवर बिगड़ैल बने हुए थे। हर रोज बूंदाबांदी तथा हलकी बारिश हो रही थी। जिसके चलते सरसों की काटाई का कार्य बाधित हो गया था। जबकि मौसम गेहूं तथा चना फसल के लिए खतरा बना हुआ था। किसानों को भय सता रहा था कि अगर ज्यादा बारिश होती है और हवा तेज चलती है तो फसलें पसर जाएंगी। ऐसे मौसम में ओलावृष्टि की संभावना भी बनी रहती है। गनीमत यह रही कि शुक्रवार को सुबह हलकी बूंदाबांदी हुई लेकिन बाद में मौसम साफ हो गया। जिसके बाद किसानों ने राहत की सांस ली।

## जींद की कई पंचायतों ने वैक्सीन लगाने को लेकर जताया था विरोध

# एचपीवी वैक्सीन को लेकर विरोध को दूर करेगा सेहत विभाग: कोहली

## ग्राम पंचायतों के साथ बैठक कर फायदों की सही जानकारी पहुंचाएगा

### प्रधान चिकित्सा अधिकारी, डिप्टी सीएमओ एनएचएम, मेडिकल ऑफिसर, अर्बन नोडल अधिकारी को जारी किया पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद जिले में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन को लेकर कुछ ग्राम पंचायतों में विरोध देखने को मिल रहा है। कई पंचायतों ने 14 वर्षीय किशोरियों को यह वैक्सीन लगाने के प्रस्ताव का विरोध जताया है। विरोध के बीच स्वास्थ्य विभाग अब जागरूकता अभियान तेज करने की तैयारी में है। विभाग शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग और ग्राम पंचायतों के साथ बैठकें कर वैक्सीन के फायदों की सही जानकारी पहुंचाएगा। इसे लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने इस संबंध में प्रधान चिकित्सा अधिकारी, डिप्टी सीएमओ एनएचएम, मेडिकल ऑफिसर, अर्बन नोडल अधिकारी को पत्र जारी किया है। पत्र में स्पष्ट



जींद। वैक्सीन को लेकर बडौदा में विरोध जताते ग्राम पंचायत। फाइल फोटो

### लिखित जिम्मेदारी देनी होगी

वैक्सीन लगवाने को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विरोध देखने को मिला। बडौदा पंचायत ने साफ कहा कि बिना लिखित जिम्मेवारी के किशोरियों को टीका नही लगने देंगे। सरपंच रोशनलाल ने कहा कि लोगों को बिना जानकारी दिए टीकाकरण करना गलत है। इसके अलावा अन्य जगहों पर भी अभिभावक अपनी बच्चियों को यह वैक्सीन लगवाने में कतरा रहे हैं। जिसके चलते वैक्सीन लगाने का यह अभियान सफल नही हो पा रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने निर्णय लिया है कि ग्राम स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में डॉक्टर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और विशेषज्ञ वैक्सीन की सुरक्षा, प्रभावकारिता और फायदों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

निर्देश दिए गए हैं कि विरोध को दूर करने के लिए तथ्य आधारित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी तरीका है, जो भारत में महिलाओं के बीच होने वाले कैंसर का प्रमुख कारण है।

### एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित



सीएमओ डा. कोहली ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित एवं प्रभावी है तथा भारत सरकार द्वारा वैज्ञानिक परीक्षणों के पश्चात इसे स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में विश्व के लगभग 160 देशों में किशोरियों को यह टीका लगाया जा रहा है, जिससे वहां सर्वाइकल कैंसर के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। इस अभियान के तहत पात्र किशोरियों को टीके की केवल एक डोज दी जाएगी। जो प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा चिकित्सक की देखरेख में लगाई जाएगी। निजी अस्पतालों में यह टीका काफी महंगा होता है लेकिन इस अभियान के अंतर्गत सरकार द्वारा यह वैक्सीन सभी पात्र किशोरियों को निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। सीएमओ ने आमजन से अपील की है कि वे अपनी पात्र किशोरियों को अधिक से अधिक संख्या में नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर यह टीका अवश्य लगवाएं ताकि कोई भी पात्र किशोरी इस महत्वपूर्ण लाभ से वंचित न रह जाएं।

राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र सरकार ने हाल ही में 14 वर्षीय किशोरियों के लिए फ्री एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान शुरू किया है। जींद में यह अभियान 28 फरवरी को शुरू किया गया था। इस अभियान के अंतर्गत ऐसी किशोरियां, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है तथा 15 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है, टीकाकरण के लिए पात्र हैं। इस वैक्सीन का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जो कि बच्चेदानी के मुंह का कैंसर है से सुरक्षित रखना है। ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एक सामान्य संक्रमण है, जो महिलाओं के प्रजनन तंत्र को प्रभावित करता है और यही सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण बनता है। यह टीका एचपीवी संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करता है तथा भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करता है।



जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित मां व बेटा। फोटो :हरिभूमि

# 27 लाख कीमत की हेरोइन तथा गांजा के साथ मां-बेटा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ ने नरवाना के मोहलखेड़ा रेलवे ओवरब्रिज के निकट नशीले पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार में मां व बेटा को काबू कर उनके कब्जे से 260 ग्राम 60 मिलीग्राम हैरोइन तथा चार किलोग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपित चमेला कालोनी नरवाना से हैरोइन तथा गांजा खरीद कर लाए थे। शहर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए मां-बेटा समेत चार लोगों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पकड़े गए नशीले पदार्थों की कीमत लगभग 27 लाख रुपये है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि नरवाना के मोहलखेड़ा रेलवे ओवरब्रिज के निकट बाइक से साथ एक युवक तथा महिला नशीले पदार्थ के साथ ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को काबू कर लिया। पुलिस ने जब बाइक पर रखे पि_ू बैग की तलाशी ली तो उसमें से 260 ग्राम 60 मिलीग्राम हैरोइन तथा चार किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपितो की पहचान चमेली कालोनी निवासी समीर तथा उसकी मां मुन्नी के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपितों ने बताया कि हैरोइन को उन्होंने चमेला कालोनी अनिल तथा गांजा चमेला कालेनी निवासी संतोष से खरीद कर लाए थे।

शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चमेला कालोनी निवासी समीर, उसकी मां मुन्नी, अनिल तथा संतोष के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

### पूछताछ की जा रही

सीआईए नरवाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर मां बेटा को हैरोइन तथा गांजा के साथ पकड़ा है। जिसकी कीमत लगभग 27 लाख रुपये है। आरोपितों से नशा के नेटवर्क के बारे मे पूछताछ की जा रही है।

# हत्या के दो दोषियों को उम्रकैद-जुर्माना भी ठोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सेशन जज कैथल कंचन माही की अदालत ने हत्या के एक मामले में सुनवाई करते हुए दो दोषियों को उम्र कैद और 20-20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना ने देने पर एक-एक महीने की साधारण सजा काटनी होगी। इस बारे में नसीब निवासी गांव धनोरी ने 22 अप्रैल 2024 को थाना सदर में हत्या का केस नंबर 84 दर्ज करवाया था। शिकायत पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी उप जिला न्यायालय उपमा आहूजा ने की। एडवोकेट सचिन जैन ने उन्हें सहयोग दिया। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता नसीब के खेत की जमीन के साथ निर्मल, रोशन की भी जमीन लगती है। नसीब का पिता भला राम का निर्मल व रोशन के साथ उटना बैठना था। कुछ दिन पहले उनकी शराब की बात को लेकर मामूली कहा सुनी हो गई थी लेकिन बात को रफा दफा कर दिया गया। निर्मल व रोशन इस बात से रंजिश रखने लगे। इसके बाद 21 अप्रैल 2024 की शाम को भला राम घूमते घूमते उनके खेत की तरफ गया तो रोशन व निर्मल ने उस पर डंडों से हमला कर दिया। नसीब के वहां जाते ही दोनों हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। नसीब ने भला राम को सीएससी नरवाना में दाखिल करवाया था।



जींद। पदभार संभालते हुए शिक्षाविद् प्रो. सीमा गुप्ता। फोटो :हरिभूमि

### प्रो. सीमा ने विवि कुलसचिव का कार्यभार संभाला


**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में शुक्रवार को शिक्षाविद् प्रो. सीमा गुप्ता ने कुलसचिव के पद का कार्यभार विधिवत रूप से ग्रहण किया। प्रो. गुप्ता इससे पूर्व आरकेएसडी कॉलेजए कैथल के अंग्रेजी विभाग में प्रोफेसर के रूप में अपनी विशिष्ट सेवाएं दे चुकी हैं तथा उनके पास शिक्षण एवं प्रशासन का दीर्घ एवं समृद्ध अनुभव है। उनकी कार्यकुशलता, नेतृत्व क्षमता एवं उत्कृष्ट प्रशासनिक दृष्टिकोण को देखते हुए हरियाणा के राज्यपाल द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत अपने संबोधन में प्रो. सीमा गुप्ता ने कहा कि वे विश्वविद्यालय के हित में सदैव तत्पर रहेंगी और अपने कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगी। उन्होंने कहा कि वे सभी अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगी ताकि एक सकारात्मक एवं समन्वित कार्य वातावरण तैयार किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता रहेगा तथा उनके हितों की रक्षा एवं उन्नति के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

# रूस-यूक्रेन युद्ध में गांव रोहेडा के 22 वर्षीय युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

■ पांच माह बाद पहुंचा शव, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

जिले के गांव रोहेड़ा के 22 वर्षीय युवक गीतिक शर्मा की रूस-यूक्रेन युद्ध में मौत हो गई। करीब पांच



महीने बाद शुक्रवार को शव गांव पहुंचा, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया। अंतिम विदाई के दौरान गांव में शोक की लहर छा गई और ग्रामीणों ने 'भारत माता की जय' के नारों के साथ श्रद्धांजलि दी। बताया जा रहा है कि गीतिक वर्ष 2024 में रूस गया था। परिजनों के अनुसार, उसे वहां जबरन रशियन आर्मी में भर्ती कर लिया था। युद्ध के दौरान डोनबास बॉर्डर पर ड्यूटी के दौरान गोलीबारी और विस्फोट में मौत हो गई। शुरुआत में रूसी सेना ने गीतिक को लापता बताया था। परिजन लगातार संपर्क में रहे, जिसके बाद युद्ध में मारे गए जवानों के डीएनए सैंपल लिए गए। भारत से उसके पिता का डीएनए सैंपल भेजा , जिससे मिलान के बाद उसकी मौत की पुष्टि हुई। करीब 10 दिन पहले ही परिवार को आधिकारिक सूचना मिली थी। गीतिक 444 बटालियन में तैनात था और 9 महीने पहले ही सेना में शामिल हुआ था। परिवार ने बेहतर कमाई की उम्मीद से करीब 4 लाख रुपये खर्च कर रूस भेजा था, लेकिन फैसला उनके लिए दर्दनाक साबित हुआ। गीतिक अपने परिवार में सबसे बड़ा था। उसकी माता का पहले ही निधन हो चुका है। पिता अमित कुमार एक एकड़ जमीन पर खेती करते हैं और ज्योतिष का कार्य भी करते हैं। परिवार में उसका एक छोटा भाई है।

## 25 दिन के बाद निर्धारित समय पर बिना किसी रोक-टोक के हो रही सिलेंडर की बुकिंग

# कैथल में रसोई गैस की कोई कमी नहीं : अपराजिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। आमजन भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। लोगों को निर्धारित 25 दिन के अंतराल के बाद गैस सिलेंडर मिल रहा है। जिले में 4768 गैस सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है और हर रोज गैस सिलेंडर की आपूर्ति हो रही है। इसलिए गैस सिलेंडर की कमी की अफवाहों से बचें और ऐसी अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डीसी अपराजिता ने बताया कि इस समय जिले में रसोई गैस से संबंधित कोई कमी नहीं है। लोगों को उनकी बुकिंग के समय पर सिलेंडर मिल रहा है। सिलेंडर का स्टॉक न करें। जब उन्हें जरूरत होगी तो निर्धारित 25 दिन के बाद उन्हें गैस सिलेंडर मिल जाएगा। क्योंकि गैस की आपूर्ति जारी है। सुबह जिले में कुल 4250 गैस सिलेंडर उपलब्ध थे। इसके बाद 6461 सिलेंडरों की ओर आपूर्ति हुई। इस तरह से कुल दस हजार 711 सिलेंडर उपलब्ध थे, जिसमें से लोगों की जरूरत अनुसार गैस सिलेंडर देने के बाद 4769 का स्टॉक बचा हुआ है। इस तरह से जिले में गैस की कोई किल्लत नहीं है। लोग किसी भी तरह से भयभीत न हों। अफवाहों से बचें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई बेवजह अफवाहें फैलाएगा तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक विरेंद्र सिंह ने बताया कि कैथल की सभी 20 गैस एजेंसियों पर घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है। नागरिकों से अपील की है कि वे गैस की कमी से जुड़ी किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी शिकायत के समाधान के लिए सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी संजीव शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया।

### आपूर्ति पूरी तरह सामान्य

प्रशासन ने आमजन को आश्वस्त किया है कि जिले में गैस आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी हर समय उपलब्ध हैं। जानकारी के लिए जिला कार्यालय के दूरभाष नंबर 01746-224243 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### क्षेत्रवार निरीक्षक किए नियुक्त

| | |
|---|---|
| कैथल में निरीक्षक संदीप कुमार | (97290-14247) |
| सीवन में निरीक्षिका भतेरी कुमारी | (70152-90434) |
| चीका में निरीक्षक सुरेंद्र सिंह | ( 79887-45331) |
| ढांड में निरीक्षक सतीश | (94666-30277) |
| पूंडरी में निरीक्षक मुकेश कुमार | ( 98135-59166) |
| राजौंद में निरीक्षक राममेहर | ( 79887-84240) |
| कलायत में निरीक्षक विक्रम सिंह | ( 77000-47147) |

# अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज

■ रुपयों का भुगतान न करने पर डेड बॉडी न देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सिविल लाइन थाना पुलिस ने रोहतक रोड बाईपास पर कुलदीप मैमोरियल अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ लापरवाही का मामना दर्ज किया है। न्यू कृष्णा कालोनी निवासी कोमल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मां बबली (40) को ब्रेन हेमरेज के चलते गत 26 फरवरी को रोहतक रोड बाईपास के कुलदीप मैमोरियल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जिसके इलाज के लिए अस्पताल प्रबंधन ने दो लाख 60 हजार रुपये खर्च बताया था। एक लाख 60 हजार रुपये पहले जाम करवा चुके थे। उसकी मां के हालातों में सुधार न होने पर दूसरे अस्पताल ले जाना चाहते थे। जिसके चलते वह गत दिवस मां को लेने अस्पताल पहुंची तो उसे वेंटीलेटर होने की बात कह कर मिलने नही दिया। जब उसने मां से मिलने की जिद की तो बताया गया कि उसकी मां की मौत हो चुकी है। डेड बॉडी देने की एवज में एक लाख रुपये की डिमांड की गई। चिकित्सकों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया।

## खबर संक्षेप

### राजकीय कालेज में नशा मुक्ति पर शपथ ग्रहण

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय जींद में शुक्रवार को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता सत्र एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य सत्यवान मलिक के द्वारा किया गया। अपने संबोधन में कहा कि नशा मुक्ति केवल एक अभियान नही बल्कि जीवनशैली है। युवा पीढ़ी यदि नशे से दूर रहेगी तो समाज एवं राष्ट्र मजबूत बनेगा। एनसीसी एवं एनएसएस इकाइयों के समन्वयक ने भी कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की भविष्य में ऐसे अधिक कार्यक्रमों के आयोजन का आश्वासन दिया।

### आज निकाली जाएगी पैदल ध्वजा यात्रा

**जींद।** जय मां बनभौरी सेवा समिति जींद के तत्वावधान में 21 मार्च को शहर में भव्य पैदल ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। इस विशाल ध्वजा यात्रा को हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल, चंडीगढ़ के समाजसेवी सुभाष डाहोलिया तथा अग्रोहा धाम जींद के प्रधान अशोक गोयल हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। यात्रा का आयोजन बनभौरी धाम मंदिर के पुजारी पुलकित कौशिक के सानिध्य में किया जा रहा है।

### तीन दिवसीय वेद प्रचार कार्यक्रम की शुरुआत

**जींद।** तीन दिवसीय वेद प्रचार कार्यक्रम गांव गोसाई खेड़ा में शुक्रवार से शुरू हुआ। इसमें सुबह हवन यज्ञ के बाद सविता राणा बागपथ मेरठ द्वारा ईश्वर भजनों की प्रस्तुति की गई। इसके पश्चात आचार्य वरूण देव जोधपुर राजस्थान द्वारा धर्म विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। इसमें बताया गया कि धर्म क्या है और धर्म के लक्षण क्या है और किसी प्रकार से आजकल अधार्मिक परम्पराओं को धार्मिक मान लिया जाता है लेकिन वेद अनुसार यह सही नहीं है। इसके बाद इंद्र सिंह द्वारा अंधविश्वासों के खिलाफ प्रवचन दिया।

### लंबित शिकायतों का हल करने के निर्देश दिए

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों में लंबित पड़ी जन शिकायतों की समीक्षा कर उनके शीघ्र पारदर्शी एवं प्रभावी निपटान को सुनिश्चित करना है। बैठक से पूर्व चंडीगढ़ मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजीव रंजन ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ उनके अपने जिलों में लंबित समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की।

### गांव कापड़ो में हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा शुरू

**उचाना।** हरियाणा ग्रामीण बैंक का विस्तार हो रहा है। गांव कापड़ो में 694वीं शाखा का शुभारंभ हुआ। ये ग्रामीणों के लिए बैंकिंग सेवाओं को घर के करीब लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। रीजनल मैनेजर राजीव यादव ने कहा कि हरियाणा ग्रामीण बैंक ग्रामीण अंचल में बैंकों का विस्तार कर रहा है ताकि ग्रामीणों को घर के नजदीक बैंकिंग सेवा मिले। शाखा प्रबंधन अमितने बैंक की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। मौके पर सुशीला देवी, कपिल नागपाल, प्रदीप दूहन, विक्रम, अमित सिंधु, पवन मौजूद रहे।

### संगठन ने निकाली शहीद सम्मान यात्रा

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के परिसर में इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट द्वारा शहीद सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। छात्र नेता अमित आदिवाल के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा के दौरान पूरा परिसर देशभक्ति के नारों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के दौरान इकाई अध्यक्ष निर्मल सिंह ने संबोधित करते कहा कि आज का दिन हमें उन महान क्रांतिकारियों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे को चूम लिया। युवाओं को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के पदचिन्हों पर चल कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

## मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन-डे का आयोजन

# मनमोहक प्रस्तुतियों से नन्हे मुन्नों ने मोहा सभी का मन

### विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में प्री नर्सरी से लेकर द्वितीय कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन डे का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय प्रांगण रंग बिरंगी सजावट और उत्साह से भरे बच्चों की खिलखिलाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे बच्चों के शैक्षिक जीवन के पहले महत्वपूर्ण पड़ाव को उत्सव के रूप में मनाना तथा उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना था। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में डा. रजनीश जैन ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मधुर स्वर में प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनमें नृत्य, गीत और नाट्य मंचन शामिल थे। बच्चों की मासूम अदाएं, आत्मविश्वास और उत्साह ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार भी प्रदान किए गए। विभिन्न श्रेणियों जैसे शैक्षिक उपलब्धि, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों को सम्मानित किया गया। जब बच्चों ने अपने छोटे-छोटे हाथों में ट्रॉफी और प्रमाण पत्र थामे तो उनके चेहरे पर गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। मुख्यअतिथि डा. रजनीश जैन ने कहा कि यह दिन बच्चों के जीवन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि ग्रेजुएशन डे केवल एक समारोह नहीं है बल्कि यह बच्चों के प्रयासों, उनकी मेहनत और उनकी प्रगति का उत्सव है। नर्सरी से द्वितीय कक्षा तक की यात्रा बच्चों के लिए सीखने, समझने और खुद को पहचानने का प्रारंभिक चरण होता है और आज हम सभी मिलकर उनकी इस उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि छोटे बच्चों की शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती बल्कि इसमें नैतिक मूल्यों, अनुशासन, आत्मविश्वास और सामाजिक व्यवहार का भी विशेष महत्व होता है। बताया कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और उन्हें एक सुरक्षित, प्रेरणादायक एवं सृजनात्मक वातावरण प्रदान करता है। उन्होंने अभिभावकों की भूमिका को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताते कहा कि बच्चों की सफलता में माता-पिता का सहयोग सबसे अहम होता है।



जींद। ग्रेजुएशन समारोह में भाग लेने वाले बच्चे प्रबंधक समिति के साथ। फोटो :हरिभूमि

#### हमेशा आगे बढ़ते रहें

विद्यालय और अभिभावक मिल कर ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रख सकते हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने विद्यालय पर विश्वास जताया और अपने बच्चों के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाई। प्राचार्य ने बच्चों को प्रेरित करते कहा कि आप सभी हमारे भविष्य के उज्ज्वल सितारे हैं। इसी तरह मेहनत करते रहें, नई चीजें सीखते रहें और हमेशा आगे बढ़ते रहें। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, समय का महत्व और अच्छे संस्कार अपनाने की सलाह भी दी। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षकों के योगदान की सराहना की। जिन्होंने बच्चों को इस स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# श्रद्धालुओं ने की मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी की अराधना की। मंदिर श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे। नवरात्रों में शहर में जगह-जगह कीर्तन आयोजित होने के कारण पूरा शहर मां दुर्गा की भक्ति में लीन हो गया है। जैसे-जैसे शाम होनी शुरू होती है वैसे-वैसे मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की संख्या भी बढने लगती है। नवरात्रों के दूसरे दिन भक्तों ने मां बृह्मचारिणी की पूजा अर्चना की और सुखद भविष्य की कामना की। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि सुबह पांच बजे से ही मंदिर में भक्तों की लाइन लगनी शुरू हो जाती है। जिनमें महिलाओं तथा छोटे बच्चों की संख्या अधिक होती है। उन्होंने बताया कि अन्य दिनों की अपेक्षा नवरात्रों में भक्तों की भीड़ मंदिरों में ज्यादा जुटती है। श्रद्धालु जल्द से जल्द मां दुर्गा के दर्शनों के अभिलाषी होते हैं। श्रद्धालुओं का यह क्रम सुबह 11 बजे तक चलता है। शाम पांच बजे से श्रद्धालु फिर से मंदिर में आना शुरू हो जाते हैं। इसी समय भजन संध्या का भी आयोजन किया जाता है। इसके अलावा रघुनाथ मंदिर, शीतला माता मंदिर, वैष्णवी धाम, बनभौरी माता, राधा कृष्ण मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर में आयोजित सत्संग तथा कीर्तनों से पूरा शहर भक्तिमय हो गया है।

#### नवरात्र महाशक्ति की आराधना का प्रशस्त काल : शर्मा

आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि शाश्वत सुख, अखंड आनंद, परम शांति यही है सृष्टि के समस्त जीवों की नैसर्गिक भूख। किंतु यह तभी शांत होगी जब मनुष्य को पूर्ण ब्रह्म परमात्मा का साक्षात्कार हो जाए। वस्तुतः जगजननी मां जगदंबा ही परब्रह्म परमात्मा है जो जगत में विभिन्न रूपों में विविध लीलाएं कर रही है। नवरात्र पर्व इन्हीं महाशक्ति की आराधना का सर्वश्रेष्ठ व प्रषस्त काल है। आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में आयोजित नवार्ण महायज्ञ के शुभारंभ पर उपस्थित मातृभक्तों को संबोधित किया। श्रद्धालुओं ने सपरिवार मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर महायज्ञ में आहुति दी।



उचाना। माता भ्रामरी धाम पहुंचे नवरात्र में श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### माता भ्रामरी धाम पहुंचे लाखों श्रद्धालु

**उचाना।** नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालु देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी शक्तिपीठ मनोकामना पूर्ति के लिए माता की पूजा-अर्चना करने पहुंचे। यहां पर रात को ही श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए थे। पूरे नवरात्र यहां पर माता की पूजा-अर्चना करने श्रद्धालु आते है। पुजारी श्याम लाल कौशिक ने कहा कि श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर मंदिर परिसर में बढ़ रही है। मनोकामना पूर्ति के लिए श्रद्धालु विधि विधान से पूजा-अर्चना करने परिवार के साथ पहुंचते है। सच्चे मन से माता की पूजा-अर्चना करने से माता प्रसन्न होती है। पूरे नवरात्र मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। लाखों श्रद्धालु पूरे नवरात्र मंदिर पहुंचते है। मां बनभौरी सेवा समिति उचाना द्वारा पिछले कई महीनों से देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी धाम के लिए मुफ्त बस हर महीने भेजी जाती है।

### चैत्र नवरात्रि है शक्ति और संकल्प का महापर्वः सुदेश



**जींद।** शक्ति राइज ग्लोबल फाउंडेशन संस्था की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा अधिवक्ता सुदेश कुमारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नवरात्रि केवल उपवास या अनुष्ठान का समय नहीं है बल्कि यह आत्मशक्ति को जागृत करने और समाज में नारी शक्ति के महत्व को पुनः स्थापित करने का उत्सव है। चैत्र नवरात्रि के इन नौ दिनों में देवी के नौ रूपों की पूजा हमें अनुशासन, साहस और ज्ञान की प्रेरणा देती है। आज के समय में नवरात्रि की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। जहां एक ओर हम माँ दुर्गा के समक्ष नतमस्तक होते हैं वहीं दूसरी ओर समाज में कुरीतियों के विरुद्ध शक्ति बनने की आवश्यकता है। नवरात्रि हमें सिखाती है कि शिक्षा और कौशल मां सरस्वती के रूप में हर बालिका को शिक्षित और स्वावलंबी बनाना ही सच्ची पूजा है।

### विधायक ने सुनीं आमजन की समस्याएं

**उचाना।** पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह उचाना में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। यहां पर जनता दरबार लगा कर लोगों की जन समस्याओं को सुनने के साथ-साथ उनका मौके पर समाधान किया। विभिन्न विभागों के अधिकारी इस दौरान मौजूद रहे। यहां पहुंचने पर उनका कार्यकर्ताओं, आमजन ने स्वागत किया। पीने के पानी, बिजली अन्य विभागों से संबंधित जो-जो समस्याएं आई उनका समाधान करने को लेकर अधिकारियां को तुरंत निर्देश देते विधायक नजर आए। विधायक ने कहा कि वो निरंतर हलके के लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनते है। अधिकारियों के साथ वो जन समस्याओं को सुनते है जिनका मौके पर समाधान किया जाता है। विकसित उचाना के सपने को पूरा किया जाएगा। जो-जो वायदे किए थे उन वायदों को पूरा किया जाएगा।



पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में जन समस्याओं को सुनते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।



नरवाना। भट्ठे पर जमा हुआ बरसाती पानी। फोटो :हरिभूमि

### बारिश से ईंट भट्ठे पर भारी नुकसान

**नरवाना।** जिला जींद एनसीआर क्षेत्र में होने के कारण ईंट भट्ठे आठ महीने के बाद एक मार्च से चले थे लेकिन भट्ठे चलते ही अचानक आई बेमौसम बरसात से ईंट भट्ठे उद्योग काफी परेशानी में हैं। भट्ठे एसो नरवाना उचाना प्रधान रामेश्वर मोर के साथ भट्ठा मालिक बलराज शर्मा, नरेंद्र श्योकंद, टेकचंद चहल, दर्शन अग्रवाल, आशुतोष शर्मा, राजेश गोयत, बलजीत मांडी, बलबीर पूनिया, सत्यवान सिंहमार, मनोज गुर्जर ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र के भट्ठे कम समय सीमा में चलने के नियम के कारण पहले ही बहुत परेशानी में है। क्योंकि एनसीआर के नियमानुसार पूरे साल में केवल चार महीने ही भट्ठे को चलाने की अनुमति है। जिससे लेबर की बड़ी भारी समस्या रहती है। क्योंकि लेबर एनसीआर से बाहर में पहले ही काम पर चली जाती है।

### जयदेव दोबारा बने अनाज मंडी प्रधान

**नरवाना।** नरवाना की अनाज मंडी के प्रधान पद पर एक बार पुनः जयदेव बंसल को सर्वसम्मति से चुन लिया गया है। गौरतलब है कि जयदेव बंसल अनाज मंडी के पहले भी प्रधान पद पर रह चुके हैं। गत वर्ष ईश्वर गोयल को भी निर्विरोध सर्वसम्मति से प्रधान पद के लिए चुन लिया गया था। लगभग 330 वोट अनाज मंडी के है इसके बावजूद भी सर्वसम्मति से सभी आढ़तियों ने अपने प्रधान को निर्विरोध सर्वसम्मति से चुन लिया। सभी ने प्रधान जयदेव बंसल को फूल मालाओं और बुके देकर बधाई दी। पूर्व प्रधान ईश्वर गोयल ने कहा कि यह बड़े ही हर्ष का विषय है कि भाईचारा बनाते हुए सभी ने चुनाव न करवा कर सर्वसम्मति से प्रधान जयदेव बंसल को चुन लिया।



नरवाना। जयदेव बंसल को मिठाई खिलाते हुए। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। सोनम को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कविता पाठ प्रतियोगिता में सोनम प्रथम

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला कालेज की छात्रा सोनम के राष्ट्र स्तरीय कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कॉलेज प्राचार्या डा. अंजना लोहान, हिंदी विभागाध्यक्ष डा. अनीता छाबड़ा, डा. नयन दीप ने छात्रा सोनम को बधाई दी तथा सम्मानित किया। प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने सोनम को बधाई व शाबाशी देते हुए कहा कि भविष्य में भी आप हर क्षेत्र में अग्रणी रहकर अपने व्यक्तित्व का विकास करें। कॉलेज आपको मंच प्रदान करता है। आप शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक खेलकूद साहित्यिक क्षेत्र में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारे। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ अनीता छाबड़ा ने बताया की हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला व एम डी एस डी कॉलेज अंबाला में 18 को राष्ट्र स्तरीय कवितोच्चारण प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई थी।



जींद। जल बचाने की शपथ लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### जल संरक्षण का लिया संकल्प

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा जल जीवन मिशन के तहत आठ मार्च से 22 मार्च तक जल महोत्सव पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण की महत्ता को समझाना तथा टिकाऊ जल प्रबंधन के प्रति स्वयंसेविकाओं को जागरूक करना था। पूरे पखवाड़े के दौरान स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न रचनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी क्रम में जल जीवन मिशन विषय पर आधारित पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने अपनी कला के माध्यम से जल संरक्षण का सशक्त संदेश प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा श्रेया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि बीसीए विभाग की राधिका द्वितीय स्थान पर रहीं।

# पुरानी खरीद पद्धति को बहाल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय किसान सभा ने शुक्रवार को उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से दमकल कर्मचारियों और प्रदेश के किसानों की ज्वलंत समस्याओं पर तुरंत संज्ञान लेने की मांग की गई। किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष बलबीर सिंह ने कहा कि सरकार की हठधर्मी नीतियों के कारण प्रदेश का हर वर्ग सड़क पर उतरने को मजबूर है। उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो किसान सभा एक बड़े निर्णायक आंदोलन का बिगुल फूंकेगी। किसान सभा ने दमकल कर्मचारियों की आठ व नौ अप्रैल की प्रस्तावित हड़ताल पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार को तुरंत कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों को वार्ता के लिए बुलाना चाहिए। हड़ताल को रोकने के लिए सरकार उनकी न्यायोचित मांगों को तुरंत स्वीकार करे। क्योंकि गेहूं की कटाई का सीजन सिर पर है और खेतों में खड़ी सूखी फसल में आगजनी की घटनाएं इस समय चरम पर होती हैं। यदि कर्मचारी हड़ताल पर रहे तो दमकल सेवाओं के अभाव में किसानों की साल भर की मेहनत राख हो जाएगी। किसान सभा ने पुरजोर मांग की है कि फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए जांबाज कर्मचारी भवीचंद शर्मा और रणवीर सिंह को तुरंत शहीद का दर्जा दिया जाए।



जींद। डीसी को ज्ञापन सौंपते किसान सभा सदस्य। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। हवन कार्यक्रम में भाग लेते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### हवन से सकारात्मक ऊर्जा का संचार

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के मालवी गांव स्थित राधा कृष्णा किड्स प्ले स्कूल में हिंदू नव वर्ष के अवसर पर हवन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों, अभिभावकों व स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अध्यक्षता स्कूल डायरेक्टर रेनू शर्मा ने की। हवन कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई। जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने आहुति देकर नव वर्ष के मंगलमय होने की कामना की। मुख्य अतिथि के रूप में आरोग्यम अस्पताल के डायरेक्टर डा. योगेश नांदल ने शिरकत की। बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते कहा कि हवन करने से वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने बताया कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम बच्चों में संस्कारों का विकास करते हैं।

## अनुसूचित जाति के किसानों को समर्पित किए 19 ट्रैक्टर

# सरकार का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के कल्याण उत्थान एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रभावी योजनाएं लागू की जा रही हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध करवाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए स्कीम एसबी 89 के अंतर्गत सब्सिडी पर ट्रैक्टर वितरित किए गए। इसी क्रम में नगराधीश मोनिका रानी ने शुक्रवार को लघु सचिवालय जींद परिसर से 19 लाभार्थी किसानों को उपलब्ध कराए गए ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें आधुनिक संसाधनों से जोड़ना है ताकि कृषि कार्य अधिक सरलए प्रभावी और लाभकारी बन सके। नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि इस योजना के तहत अनुसूचित जाति के किसानों को तीन लाख रुपये की सब्सिडी प्रदान कर ट्रैक्टर उपलब्ध करवाए गए हैं। इससे किसानों को खेती के कार्यों में सुविधा मिलेगी, लागत में कमी आएगी और उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि होगी। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है और इस प्रकार की योजनाएं उसी का हिस्सा हैं। आगे बताया कि इस योजना के लिए 355 किसानों द्वारा आवेदन किया था। डीसी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रक्रिया के तहत ड्रा निकाला गया। जिसमें 20 किसानों का चयन किया गया। चयनित किसानों में से 19 किसानों ने अपने ट्रैक्टरों के बिल संबंधित विभाग में जमा करवा दिए हैं और उनकी वेरिफिकेशन प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है। एक किसान द्वारा अभी तक अपने बिल जमा नहीं करवाए हैं। जिसके कारण उसकी प्रक्रिया लंबित है। नगराधीश ने लाभार्थी किसानों को शुभकामनाएं देते कहा कि वे सरकार द्वारा प्रदान किए गए इन संसाधनों का सही उपयोग करें और कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि करें। उन्होंने अन्य किसानों से भी अपील की कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।



किसानों के ट्रैक्टर को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए सीटीएम मोनिका।




मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि एसडीएम होशियार सिंह।

### मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

**जुलाना।** कस्बे के पीएम श्री कन्या राजकीय स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर लोगों का मन मोह लिया। अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य सुनील सिंह नेहरा ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम होशियार सिंह ने शिरकत की। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी रीतू पंघाल और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह श्योराण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्जवलन के साथ की गई। इसके बाद छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला पेश की। छात्राओं ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रदर्शित किया। वहीं हरियाणवी और पंजाबी गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस अवसर पर स्कूल की मेधावी छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

## कलायत नगर पालिका में बजट को लेकर बैठक

# विकास कार्यों के लिए तय किया 21.54 करोड़ रुपये का बजट

### विकास कार्यों के प्रति कोताही करने वाली एजेंसियों के खिलाफ त्वरित संज्ञान लेने का मुद्दा उछला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



कलायत। नगर पालिका की बजट बैठक के संबंध में जन प्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण जानकारी देते नपा अधिकारी।

कलायत नगर पालिका में शुक्रवार को बजट बैठक हुई। इसमें प्रधान के साथ-साथ सभी 16 निर्वाचित पार्षदों व 2 मनोनीत पार्षद मौजूद रहे। इसमें नपा प्रधान अंकित राणा, पार्षद कुमारी रेणू धानियां, रवींद्र निर्मल बंटी, संजय सिंगला, आशीष राणा, उषा रानी, निशा राणा, प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा, राजेश राणा, महीपाल पंवार, जगदीश रायका, विनोद जेष्ठ, अमित वाल्मीकि, पूनम धीमान, कविता कांसल, नीलम यादव, राजेश बेदी व प्रवीण कांसल शामिल रहे। नगर पालिका सचिव पवन कुमार की मौजूदगी में लेखाकार सचिन गिल ने वित्त वर्ष के बजट का क्रमवार विवरण पेश किया। इसके तहत नगर पालिका ने वर्ष 2026-27 के लिए 21 करोड़ 54 लाख 33 हजार 500 रुपए आय का लक्ष्य रखा। इसमें नगर पालिका की आय एवं सरकार द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली ग्रांट शामिल हैं। यदि बजट में पूरी तरह संतुलन रहता है तो इस अवधि में नपा 21 करोड़ 4 लाख 98 हजार रुपए व्यय करेगी। अधिकारियों ने बताया कि नपा के कुल 155 हेड एवं सब हेड हैं। इसके अनुसार आय एवं व्यय का संतुलन बनाते हुए नगर विकास कार्यों को गतिमान करने का टारगेट रहता है। सुचारू से विकास कार्यों को गति देने एवं कर्मियों के वेतन के लिए आय के संसाधनों का मजबूत होना जरूरी है। इसके अलावा सरकार द्वारा भी अलग से विकास कार्यों के लिए बजट जारी किया जाता है। इनसे विकास योजनाओं को पूरा करते हुए शहर को सुंदर रूप देने का प्रयास रहता है। निर्धारित समय पर काम न करने वाली एजेंसियां विकास कार्यों में अड़चन है। इनके प्रति किसी प्रकार की रियायत न रखते हुए कार्यवाही हो।

### रिकार्ड को खिलौना बनाने वालों की नहीं खैर

नगर पालिका सचिव पवन कुमार ने कहा सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों की कुर्सियों पर बैठकर रिकार्ड खंगालने की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लिया गया है। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को इस संबंध में कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी सूरत में अन्य को सरकारी कुर्सी पर बैठने व सरकारी रिकार्ड को खंगालने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा क स्वयं भी नैतिकता एवं व्यवस्था के मायने से भी अधिकारी-कर्मचारी की कुर्सी पर किसी को नहीं बैठना चाहिए।

### सहयोग की अपील

अधिकारियों ने नगर पालिका जन प्रतिनिधियों व आम नागरिकों से शासन-प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल बनाते हुए व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहयोग की अपील की। सभी जन प्रतिनिधि विकास एवं सौंदर्यकरण की योजनाओं को लेकर संजीदा नजर आए। उन्होंने साफ तौर से कहा कि जन सुविधाएं प्रदान करते हुए नगर विकास को गति देना जरूरी है। जो निर्माण एजेंसियां गंभीरता से काम नहीं करती उनके खिलाफ संज्ञान लिया जाए।

### आय के संसाधनों का मजबूत होना जरूरी

### कर वसूलने के मामले में मोबाइल कंपनियों को रियायत क्यों?

नगर पालिका बैठक में आम नागरिकों के बकाया हाउस टैक्स को लेकर न्याय में डाले गए केसों का मामला काफी चर्चा में रहा। पार्षदों ने कहा कि जब नगर पालिका अधिकारी आम नागरिकों की तरफ बकाया हाउस टैक्स को लेकर न्यायालय में जो सकते हैं तो शहर भर में विभिन्न मोबाइल कंपनियों से टैक्स लेने एवं ठोस कार्यवाही में रियायत क्यों। उन्होंने सभी मोबाइल कंपनियों का विवरण तैयार करते हुए काम करने का सुझाव अधिकारियों को दिया। पार्षदों ने कहा कि कर वसूलने के मामले में भेदभाव पूर्ण रवैया गलत है। नियम सभी के लिए बराबर होने चाहिए। इसमें आम जन व ऊंची पहुंच का विषय न रहे।





कैथल। हरियाणा मानव अधिकार आयोग के चेयरमैन जस्टिस ललित बत्तरा पाडला में कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए तथा भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

# सड़क सुरक्षा साझी जिम्मेदारी, सभी करें यातायात नियमों की पालना: ललित बत्तरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा मानव अधिकार आयोग के चेयरमैन जस्टिस ललित बत्तरा ने कहा कि सड़क सुरक्षा साझी जिम्मेदारी है। हम सभी को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आगे बढ़कर नियमों का पालन करना होगा। सड़क सुरक्षा मानव जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। सड़क सुरक्षा और मानव अधिकार का संबंध भी काफी गहरा है।

जस्टिस ललित बत्तरा शुक्रवार को गांव पाड़ला स्थित अशोक लेलैंड ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में सड़क सुरक्षा एवं मानव अधिकार विषय पर आयोजित सेमिनार को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। सबसे पहले उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यफ्म का शुभारंभ किया। जस्टिस ललित बत्तरा ने कहा कि जब हम मानव अधिकार की बात करते हैं, तो सबसे बेसिक और जरूरी अधिकार जिंदगी और व्यक्तिगत सुरक्षा का अधिकार है। सड़क पर निकलने वाला हर इंसान—चाहे वह ड्राइवर हो, पैदल चलने वाला हो, साइकिल वाला हो, या पैसेंजर हो—उसे अपनी मंजिल तक सुरक्षित पहुंचने का अधिकार है। असुरक्षित यातायात सीधे तौर पर इस मानव अधिकार के लिए खतरा हैं। सड़क दुर्घटनाएं अधिकतर लापरवाही, सेफ्टी उपायों की कमी के कारण होती हैं, तो वे मानव अधिकार, खासकर जिंदगी के अधिकार का उल्लंघन होती हैं। दुर्घटना सिर्फ एक इंसान पर नहीं, बल्कि पूरे परिवार पर असर डालती है, जिसकी भरपाई जिंदगी भर नहीं होती, इसलिए सड़क सुरक्षा को एक साझा जिम्मेदारी के तौर पर समझना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सुरक्षित इंफ्रास्ट्रख्र, यातायात कानूनों को दृढ़ता से लागू करवाया जाना जरूरी है। ड्राइवर ट्रेनिंग सेंटर जैसी संस्थाएं जागरूकता और जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए और दूसरों की सुरक्षा का सम्मान करना चाहिए। मानवाधिकारों के नजरिए से सड़क सुरक्षा में कई जरूरी चीजें शामिल हैं, सड़कों पर निर्धारित निशान, दृश्यता के तरीके, पैदल चलने वालों की सुरक्षा, ड्राइविंग के दौरान जागरूकता और समय पर आपातकाल में मदद सहित अनेक पहलू हैं। इस मामले में हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने भी सड़क सुरक्षा के महत्व को पहचाना है।

### नागरिकों को सड़कों का सुरक्षित इस्तेमाल करने का अधिकार

उन्होंने कहा कि एक शिकायत की जांच में पाया गया कि नागरिकों को सड़कों का सुरक्षित इस्तेमाल करने का अधिकार, जीवन का अधिकार और आने-जाने की आजादी का एक जरूरी हिस्सा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने हरियाणा में नेशनल हाइवे और स्टेट हाइवे पर रोड सेफ्टी उपायों के बारे में संबंधित अधिकारियों से पूरी रिपोर्ट तलब की है। साथ ही नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हरियाणा मानव अधिकार आयोग के सदस्य दीप भाटिया, रजिस्ट्रार रवि कुमार सौंधी, रजिस्ट्रार संजय कुमार खंडूजा, डॉ पुनीत अरोड़ा, समीर सैनी, धर्मबीर भोला, सतीश सेठ, डॉ. अभिलाषा जैन, डॉ. विनय, दिनेश भारद्वाज, अन्नू प्रिया, उमा भारद्वाज, नरेंद्र निझावन, सोनिया, मिनाक्षी शर्मा, कौशल खेत्रपाल, दीपक सेठ, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

### दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की

राजौंद। नवरात्र पर्व के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। नगर के बाजारों में नवरात्र से जुड़े सामानों की खरीदारी जोरों पर रही। श्रद्धालुओं ने प्रसाद, नारियल, आलू और कुट्टू के आटे की खरीदारी की। हालांकि महंगाई के चलते फल व व्रत सामग्री खरीदने में लोगों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। वहीं, दुर्गा मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, भद्रकाली मंदिर और बाबा बहादुर बण मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।

### स्कूल प्रिंसिपलों की बैठक: एचपीवी वैक्सीन को लेकर दी अहम जानकारी

राजौंद। राजकीय कन्या हाई स्कूल, राजौंद में खंड के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी व निजी स्कूलों के प्रिंसिपलों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. संदीप सिंह ने बैठक में एचपीवी (HPV) वैक्सीन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और इससे किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह वैक्सीन 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की लड़कियों को लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन महिलाओं में होने वाले गर्भाशय कैंसर की रोकथाम में बेहद प्रभावी है। हालांकि यह वैक्सीन काफी महंगी है, लेकिन सरकार द्वारा इसे निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। डॉ. संदीप सिंह ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर इस वैक्सीन को लेकर कई तरह की भ्रामक जानकारियां फैल रही हैं, जो समाज के लिए हानिकारक हैं।

## विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करें : अश्वनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल के वाणिज्य विभाग द्वारा दिनांक 20 मार्च 2026 को "सतत विकास हेतु वाणिज्य एवं प्रबंधन में नवाचार प्रवृत्तिया" विषय पर एक दिवसीय अंतर्विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी हरियाणा के महानिदेशक उच्च शिक्षा की स्वीकृति से आयोजित की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ पंजीकरण, अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल एवं उप-प्राचार्य डॉ. राजबीर पराशर द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता को पर्यावरण संरक्षण के संदेश स्वरूप "ग्रीन टोकन ऑफ अप्रीसिएशन" के रूप में पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रधान अश्वनी शोरेवाला ने कहा कि "सतत विकास आज केवल एक विचार नहीं, बल्कि समय की अनिवार्य आवश्यकता है।

### मां बगलामुखी धाम में 123 घंटे का अखंड महायज्ञ आज से शुरू होगा

पूंडरी। पूंडरी स्थित मां बगलामुखी धाम में पूंडरी क्षेत्र के इतिहास में पहली बार 123 घंटे के अखंड महायज्ञ का भव्य आयोजन शनिवार से शुरू हो रहा है। इस महायज्ञ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह यज्ञ 26 मार्च तक लगातार दिन-रात चलेगा, जिसमें विभिन्न राज्यों से आए विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डलवाई जाएंगी। महायज्ञ में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आचार्य व विद्वान ब्राह्मण विश्व कल्याण और क्षेत्र की सुख-शांति के लिए यज्ञ संपन्न कराएंगे। इस प्रकार का भव्य अखंड महायज्ञ पूंडरी में पहली बार आयोजित हो रहा है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। महायज्ञ के संचालक आचार्य राजीव कौशिक ने बताया कि मां बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या के रूप में पूजित हैं। उन्हें शक्ति, विजय और शत्रु बाधाओं के नाश की देवी माना जाता है।

### पारंपरिक वस्त्रों की विरासत पर आधारित पुस्तक का विमोचन





पूंडरी। कन्या महाविद्यालय पूंडरी में डॉ. निधि वत्स द्वारा लिखित पुस्तक 'डाइड इन कल्चर: ए जर्नी थ्रू ट्रेडिशनल टेक्सटाइल्स' का भव्य विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधान एवं पूर्व विधायक चौ. तेजवीर सिंह तथा प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन कर इसे एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि बताया। यह पुस्तक एक संदर्भ ग्रंथ के रूप में तैयार की गई है, जिसमें पारंपरिक भारतीय वस्त्रों की यात्रा को उनके प्रारंभिक उत्पादन से लेकर निर्यात तक के विभिन्न चरणों के माध्यम से विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। इसमें भारतीय टेक्सटाइल की समृद्ध विरासत, ऐतिहासिक विकास, वैज्ञानिक आधार, कलात्मक स्वरूप और सांस्कृतिक महत्व को एक साथ समाहित करने का प्रयास किया गया है। पुस्तक विशेष रूप से क्लॉथिंग टेक्सटाइल और ड्रेस डिजाइनिंग के विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा भारतीय शिल्प और हस्तकला में रुचि रखने वाले लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

## 101 कुंडीय यज्ञ में सैकड़ों शहरवासियों ने दी आहुति

- हिंदू नववर्ष का हमारे समाज में बहुत अधिक महत्व : आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पर्यावरण एवं संस्कृति संरक्षण मंच पूंडरी की ओर से महर्षि दयानंद पार्क में 101 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। नववर्ष की पावन बेला संसार का सबसे पवित्र कर्म हवन किया। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कालोनी में आयोजित ये बहूकुंडीय यज्ञ आचार्य रविंद्र शास्त्री के ब्रह्मांत्व में व जसविंद्र आर्य के सानिध्य में किया गया व कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के प्रधान अनिल आर्य ने की। बारिश के बावजूद किए गए इस हवन में विशेष रूप से डीएवी कालेज के प्राचार्य डा.राजेश तुरान व डीएवी स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान अनिल आर्य ने कहा कि हिंदू नववर्ष का हमारे समाज में बहुत अधिक महत्व है और सही मायनों में नव वर्ष की शुरूआत भी होती है। इस दिन से नवरात्र भी आरंभ हो जाते है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी भारतीय संस्कृति को कभी नहीं भूलना चाहिए।

### रसोई गैस की कालाबाजारी ने बढ़ाई आम आदमी की परेशानी : रामचंद्र गुर्जर



कैथल। कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि प्रदेश में गैस की गंभीर कमी और कालाबाजारी ने जहां आम आदमी की परेशानी कई गुना बढा दी हैं तो वहीं इस कारण बाजार भी पूरी तरह से प्रभावित होता नजर आ रहा है। घरों में रसोई के चूल्हे और कमर्शियल सिलेंडरों की सीमित उपलब्धता से लोगों को रोजमर्रा के कामकाज में परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि विवाह, शादियों और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में भी गैस की कमी ने आयोजनों को प्रभावित किया है। हलवाई और छोटे व्यवसायी कमर्शियल सिलेंडरों पर निर्भर हैं, लेकिन सरकार की कड़ी सीमाओं ने उनके कामकाज और आमदनी पर असर डाला है। हलका विधायक ने चेताया कि उनकी अगली कार्रवाई गैस कंपनियों और एजेंसियों के खिलाफ होगी। यह पता लगाया जाएगा कि कालाबाजारी के जरिए गैस कहां से आ रही है और जनता तक कैसे पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि लोग बता रहे हैं कि छोटे सिलेंडर ब्लैक मार्केट में 1,800 रुपए और कमर्शियल सिलेंडर 3,200 रुपए तक बिक रहे हैं। सरकारी घोषणाएं और नारे समस्या का समाधान नहीं कर रहे, जबकि लोगों की वास्तविक जरूरतें नजरअंदाज हो रही हैं।

### खबर संक्षेप



#### शहीदी दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा : फौजी

कैथल। हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल में 23 मार्च को शहीदों की चिताओं पर लगने वाले मेला का आयोजन पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल द्वारा किया जा रहा है जिसमें जिले के पूर्व सैनिक, सैनिकों की वीरांगनाएं ,शहीद परिवार व सभी परिवार सहित शामिल होंगे। इसकी जानकारी देते हुए एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धांजलि सभा से शुरू होगा। पहली श्रद्धांजलि शहीद परिवार एवं प्रशासनिक अधिकारी द्वारा दी जाएगी, देशभक्ति गीतों का सांस्कृतिक प्रोग्राम, अंबाला वेटरनस सहायता केंद्र अंबाला कैंट द्वारा स्पर्श पेंशन शिविर का आयोजन एवं सिग्नस हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप जिसमें ई सी जी , हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच,अन्य रोगो के डाक्टर भी आयेंगे तत्पश्चात सम्मान समारोह जिसमें पूर्व सैनिक व सैनिक परिवारों के होनहार बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।



#### सम्मेलन बनेगा युवाओं की आवाज का मंच: सीड़ा

गुहला-चीका। इनेला ने 23 मार्च को शहीदी दिवस के अवसर पर नरवाना में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को गुहला हलके के गांव हरिगढ़ किंगन में युवा इनेलो की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे इनेलो के गुहला हल्का युवा अध्यक्ष नवदीप सीड़ा ने कहा कि 23 मार्च भारतीय इतिहास का अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। इसी दिन शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। कहा कि नरवाना में आयोजित होने वाला युवा सम्मेलन केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि प्रदेश के युवाओं की आवाज बुलंद करने का एक सशक्त मंच बनेगा।



#### 39वां वार्षिक समारोह सफलतापूर्वक संपन्न

पूंडरी। ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में 39वां वार्षिक एथलेटिक मीट एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साह और उमंग के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस आयोजन में छात्राओं ने खेल, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में बढ़-चढकर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह की अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चौ. तेजवीर सिंह ने की। आयोजन के दौरान लगभग 850 छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर प्रतिस्पर्धा का शानदार माहौल बनाया।



#### पूर्व सरपंच शीशपाल से सुरेंद्र ने की शिष्टाचार भेंट

कैथल। छोटू राम विचार मंच हरियाणा के कैथल जिलाध्यक्ष सुरेंद्र ढुल ने अपने पिता स्व. मुलाराम (भूतपूर्व सरपंच) के घनिष्ठ मित्र एवं क्षेत्र के सम्मानित समाजसेवी शीशपाल सौंगल के निवास स्थान, पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान शीशपाल के स्वास्थ्य का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उल्लेखनीय है कि पूर्व सरपंच शीशपाल सौंगल पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। शीशपाल क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं। पाई विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़कर मजबूत पहचान बनाई। इसके पश्चात वे पूर्व मंत्री तजिंदर पाल सिंह मान के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए और लंबे समय तक संगठन व जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे।

**कार्यक्रम** अंतरराष्ट्रीय खुशी दिवस पर विशेष, लोगों को किया जागरूक

# सच्ची खुशी पाने के लिए संतुष्टि और दयालुता का भाव सबसे महत्वपूर्ण : डॉ. विवेक गर्ग

- वर्तमान समय में सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग युवाओं की मानसिक स्थिति और खुशी के स्तर को कर रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





कैथल। डा. विवेक गर्ग विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

नारायण सेवा केंद्र कैथल में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय खुशी दिवस के अवसर पर डॉ विवेक गर्ग, सतपाल मंगला, दुर्गा प्रसाद, सोनू बंसल द्वारा जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को जीवन में वास्तविक खुशी के महत्व और उसके स्रोतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि असली खुशी बाहरी साधनों पर नहीं, बल्कि व्यक्ति की आंतरिक संतुष्टि, सकारात्मक सोच और संबंधों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है। विश्व स्तर पर जारी रिपोर्ट के अनुसार (Finland) फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश बताया गया है, जबकि भारत 147 देशों में 116वें स्थान पर है।

उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग युवाओं की मानसिक स्थिति और खुशी के स्तर को प्रभावित कर रहा है, जिससे तनाव, तुलना की भावना और असंतोष बढ़ रहा है।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के साथ संवाद सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने अपनी खुशी के स्रोत साझा किए और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आशीष श्रीवास्तव, सचिन वर्मा, रुचिका जालवी और अभिषेक ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### दयालुता का भाव सबसे महत्वपूर्ण

कार्यक्रम में डॉ. विवेक गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खुशी को दो प्रकार से समझा जा सकता है। पहली खुशी तुरंत मिलने वाली, परन्तु अस्थायी होती है जो बाहरी चीजों पर निर्भर होती है जैसे सोशल मीडिया लाइक्स, शॉपिंग या स्वादिष्ट खाना। ये खुशी जल्द ही खत्म हो जाती है, इसलिए बार-बार जरूरत महसूस होती है। दूसरी खुशी स्थायी खुशी होती है जो गहरी, स्थिर और लंबे समय तक रहती है। ये व्यक्ति के आंतरिक मूल्यों और जीवन के अर्थ से जुड़ी होती है। इसलिए "जीवन में सच्ची खुशी पाने के लिए संतुष्टि और दयालुता का भाव सबसे महत्वपूर्ण है। जब व्यक्ति अपने जीवन में संतुलन और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाता है, तभी वह वास्तविक और स्थाई खुशी का अनुभव कर सकता है।"

### मेगा प्लांटेशन ड्राइव में 400 पौधे लगाए

गुहला-चीका। गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चीका में 20 मार्च 2026 को मेगा प्लांटेशन ड्राइव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाना और विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर सुरेंद्र बुधवार और एफएलएन कोऑर्डिनेटर सुनील दत्त ने शिरकत की। विद्यालय परिवार ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। आयोजन प्रधानाचार्य मेधाव्रत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से हुई, जिसमें मुख्य अतिथियों, अध्यापकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान विद्यालय परिसर में लगभग 400 पौधे लगाए गए। इनमें फाइकस, एरोकेरिया, चाइना पाम, मोगरा, रेड मचीर, फोनेक्स पाम, नींबू, गुलाब, तिकोमा, लेमन ग्रास, बोतल पाम, मोतिया और हेविकस सहित कई प्रजातियां शामिल रहीं।

## खबर संक्षेप

### फरवरी का वेतन दिलाने की मांग को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी ने सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली को ज्ञापन देकर नागरिक अस्पताल जींद में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों सहित जिला के सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को माह फरवरी का वेतन दिलवाने की मांग की है। सिविल सर्जन को दिए गए ज्ञापन की प्रति महानिदेशक सहित सभी आला अधिकारियो को भी भेजी गई है। स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी के जिला संयोजक राममेहर वर्मा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से स्पष्ट किया गया है कि यदि तीन दिन में सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को वेतन दिलवाने का प्रबंध नही किया गया तो स्वास्थ्यकर्मी 24 मार्च को सिविल सर्जन कार्यालय पर गेट मिटिग करके रोष प्रकट करेगें।

### डिप्टी डायरेक्टर ने किया गोशाला का निरीक्षण

**उचाना।** बाबा फुल्ले साध कापड़ो गौशाला में डॉ. रविंद्र सहरावत डिप्टी डायरेक्टर एनिमल हस्बैंडरी हिसार निरीक्षण के लिए पहुंचे। डॉ. सहरावत ने बताया कि नस्ल संवर्धन के क्षेत्र में पूरे हरियाणा में यह एकमात्र गोशाला है जहां अभी तक 110 बछड़ियों का सेक्स शोर्टड सीमन से जन्म हुआ है जो एक रिकॉर्ड है। गौशाला बहुत तेज गति से कृत्रिम गर्भादान द्वारा नस्ल संवर्धन कर रही है, जहां नब्बे प्रतिशत बछड़ियों का ही जन्म होता है, वह भी उच्च क्वालिटी की दूध क्षमता वाली। गोशाला के संचालक गिरीश जैन ने बताया कि गौशाला में बछड़ियों की कीमत एक से सवा लाख रुपए रहती है लेकिन हम बछड़ियां देना नहीं चाहते मात्र एक बछड़ी दी गई है जो एक लाख एक हजार रुपए में दी।

### हिंदू नववर्ष पर भागल में भंडारे के साथ हुए खेल

**गुहला-चीका।** हिंदू नव वर्ष (संवत 2083) और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष में गांव भागल में वीरवार को भंडारे का आयोजन किया गया। हिंदू महोत्सव संचालन समिति, विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और ग्रामवासियों के सहयोग से बस स्टैंड पर आयोजित इस कार्यक्रम में हवन-यज्ञ कर नए वर्ष का विधिवत स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुबह पूजा-अर्चना के बाद दिनभर श्रद्धालुओं और राहगीरों को हलवा-छोले का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों रामचंद्र श्रीवास्तव, दिलबाग, कृष्ण शर्मा और सुभाष पूनिया ने बताया कि यह परंपरा वर्षों पुरानी है, जिसमें नववर्ष के अवसर पर प्रसाद वितरण किया जाता है।

## पांच अप्रैल को सीएम की रैली के लिए क्षेत्र के कई गांवों का किया दौरा

# मिलिट्री की ट्रेनिंग के लिए खोला जाएगा सीडीएस : डा. मिड्ढा

- 10 से 12 गांव के कलस्टर पर किया जा रहा है सीडीएस का निर्माण, लोगों को मिलेगा लाभ

*शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण आंचल का सवार्गिण विकास किया जा रहा है। जिसका लाभ प्रत्येक वर्ग को मिल रहा है। सामूहिक कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। सरकार के पास विकासात्मक कार्य हेतु धन की कोई कमी नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि अभी तक किसी भी पूर्व सरकार में किसी भी गांव में विकास कार्यों के लिए इतना पैसा नहीं दिया है, जितना वर्तमान सरकार ने गांव के चंहुमुखी विकास के लिए दिया है। शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण आंचल का सवार्गिण विकास किया जा रहा है। जिसका लाभ प्रत्येक वर्ग को मिल रहा है। सामूहिक कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। सरकार के पास विकासात्मक कार्य हेतु धन की कोई कमी नहीं है।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जींद में पांच अप्रैल को प्रस्तावित विकास एवं धन्यवाद रैली में निमंत्रण के लिए दौरे के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने गांव वासियों से आह्वान किया कि वे आगामी पांच अप्रैल को जींद में प्रस्तावित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विकास एवं धन्यवाद रैली में पहुंचे। मुख्यमंत्री इस दिन क्षेत्रवासियों को करोड़ों रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात देंगे। डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव पिंडारा, निर्जन, मांडो, मनोहरपुर, बरसाना, लोहचब, खूंगा, रायचंदवाला, तलोडा और खेड़ी तलोडा में मुख्यमंत्री की विकास रैली में पहुंचने के लिए न्यौता दिया। डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्ढा ने गांव पिंडारा में 20 लाख रुपये की लागत से तैयार चार गलियों का उद्घाटन किया। डिप्टी स्पीकर ने बताया कि गांव निर्जन में लगभग चार करोड़ 51 लाख रुपये के विकास कार्य हो चुके हैं तथा लगभग तीन करोड़ के विकास कार्य बाकी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इसके अलावा भी विधानसभा क्षेत्र की अन्य मांगों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि सफीदों जाने वाली सड़क का सुधारीकरण किया जा रहा है।



जींद। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो : हरिभूमि

### गांव के होनहार युवाओं को दी जाएगी ट्रेनिंग

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के 10 से 12 गांव के कलस्टर पर मिलिट्री की ट्रेनिंग देने के लिए सीडीएस खोला जाएगा। जिसमें गांव के होनहार विद्यार्थियों को लेफ्टिनेंट तक की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए गांव को 10 से 12 एकड़ भूमि देनी होगी। भूमि देने की शर्त पर इसकी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के गांवों में भी पांच एकड़ भूमि उपलब्ध करवाने की शर्त पर गांवों में सोलर प्लांट भी लगाया जाएगा। जिससे कि गांव के बिजली बिल की समस्या से निजात मिलेगी। इससे बिजली का बिल नाम मात्र आएगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम सत्यवान सिंह मान, बीडीओ सुरेंद्र सिंह खत्री, एबीपीओ रेखा, निर्जन के सरपंच आजाद सिंह, जिया लाल, रामभगत शर्मा, टेकाराम कंडेला, मार्केट कमेटी के चेयरमैन बबलू गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नवरात्रों का पर्व भारतीय संस्कृति व आस्था का अटूट प्रतीक : मंत्री



जींद। मां जयंती देवी की पूजा करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो : हरिभूमि

- कैबिनेट मंत्री ने माता जयंती देवी मंदिर में की पूजा, अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने शुक्रवार को पावन नवरात्रों के शुभ अवसर पर माता जयंती देवी मंदिर में पहुंच कर विधिवत पूजा अर्चना की और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही और पूरा वातावरण भक्ति एवं श्रद्धा से ओतप्रोत नजर आया। कैबिनेट मंत्री ने कृष्ण कुमार बेदी ने पूजा, अर्चना के पश्चात प्रदेश एवं देशवासियों की सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि नवरात्रों का पर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, जो हमें शक्ति, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। यह पर्व समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का भी अवसर प्रदान करता है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अपने संदेश में कहा कि मां दुर्गा की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार हो तथा हरियाणा निरंतर विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे।

### प्रदेश की उन्नति के लिए की गई कामना

प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे इस पावन पर्व को पूरे उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ मनाएं तथा जरूरतमंदों की सहायता कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि नवरात्रों के दौरान हमें अपने भीतर की नकारात्मकताओं को दूर कर सकारात्मक सोच को अपनाना चाहिए। यह पर्व आत्मचिंतन और आत्मशुद्धि का भी अवसर है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन को नई दिशा दे सकता है। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों एवं श्रद्धालुओं ने भी प्रदेश की उन्नति और जन-जन के कल्याण के लिए प्रार्थना की।

## खुद की डीवीआर लगा कर कंट्रोल अपने चहेते को देने के आरोप

- सदस्यों की केवाईसी का कार्य पहले ही चल रहा, प्रधान को हटाने के लिए कोरम पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जाट धर्मशाला का संचालन करने वाली जाट धर्मार्थ सभा का विवाद बढ़ता जा रहा है। प्रधान को हटाने के बाद संचालन का जिम्मा संभाल रहे सभा के उपप्रधान किताब सिंह भनवाला ने कहा कि प्रधान को हटाने के लिए कालेजियम के 42 सदस्यों की जरूरत थी, यह प्रस्ताव 55 सदस्यों ने पारित किया है। प्रधान ने लोगों को यह बात बोलकर गुमराह किया कि विपक्षी लोग उनको सभी सदस्यों की केवाईसी नहीं करवाने दे रहे हैं। भनवाला ने कहा कि जिन सदस्यों की केवाईसी नहीं हुई हैए उनकी केवाईसी करवाने के लिए 14 नवंबर को ही प्रधान की मौजूदगी में समस्त कार्यकारिणी ने प्रस्ताव पारित कर दिया था। अभी तक 150 लोगों की केवाईसी हो चुकी है। यह लोग अगले चुनाव में अपनी वोट डाल सकेंगे। पत्रकारों से बातचीत में किताब सिंह भनवाला ने प्रधान फूल कुमार मोर पर आरोप लगाए कि उन्होंने खुद की डीवीआर जाट धर्मशाला में लगा दी और उसका कंट्रोल अपने चहेते को सौंप दिया। इसके अलावा जो लोग जाट धर्मशाला में नौकरी कर रहे थे, प्रधान ने उनको हटाने नहीं दिया जबकि कोई भी संस्था का आजीवन सदस्य यहां नौकरी नहीं कर सकता।



20 जे 16 पत्रकारों से बातचीत करते हुए किताब सिंह भनवाला।

### असंवैधानिक कार्य का लगाया आरोप

किताब सिंह भनवाला ने कहा कि संस्था प्रधान असंवैधानिक कार्य कर रहे हैं। संस्था के विकास में रोड़ा बन रहे हैं। उनके पास बहुमत नहीं है। वह चाहते हैं कि संस्था पर फिर से प्रशासक लग जाए लेकिन ऐसा वह लोग होने नहीं देंगे। जिन सदस्यों की केवाईसी नहीं हुई है, उनकी केवाईसी करवाई जा रही है।

## रत्नावली महोत्सव के तीसरे दिन 'धरमदेव नौ बहार' सांग ने जीता दर्शकों का दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के मार्गदर्शन में बाबू अनंत राम जनता कॉलेज में आयोजित 11वें रत्नावली युवा सांस्कृतिक महोत्सव का तृतीय दिवस प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल की अध्यक्षता में अत्यंत भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सांस्कृतिक विविधता, रचनात्मक ऊर्जा और लोक परंपराओं का सुंदर समन्वय देखने को मिला। तृतीय दिवस का मुख्य आकर्षण विश्वविद्यालय की यू.टी.डी. टीम द्वारा प्रस्तुत सांग "धरमदेव नौ बहार" रहा, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने सशक्त अभिनय, प्रभावशाली संवाद अदायगी और पारंपरिक शैली के माध्यम से लोकनाट्य की गहराई और संवेदनशीलता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति ने न केवल दर्शकों का मनोरंजन किया, बल्कि सामाजिक मूल्यों और सांस्कृतिक संदेशों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।



ढांड। कौल में रत्नावली में प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

## अनुसूचित जाति के 24 किसानों को कृषि कार्य के लिए अनुदान पर मिले ट्रैक्टर

- 72 लाख रुपये की सब्सिडी वितरित, किसानों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कैथल द्वारा अनुसूचित जाति के किसानों के उत्थान हेतु एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एसबी-89 स्पेशल एससी स्कीम के तहत ट्रैक्टरों पर अनुदान प्रदान किया गया। इस योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थी किसानों के ट्रैक्टरों का भौतिक सत्यापन नई अनाज मंडी, जींद रोड में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सहायक कृषि अभियंता जगदीश चंद्र मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्यापन प्रक्रिया के दौरान सभी पात्र किसानों के ट्रैक्टरों की जांच की गई, ताकि योजना का लाभ पारदर्शिता के साथ सही लाभार्थियों तक पहुंचे।



कैथल। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड ने ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने किया आरोपी काबू

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई करनैल सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव संडील जिला जींद निवासी प्रवीन कुमार को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव कोलेखां निवासी कुलदीप सिंह की शिकायत अनुसार 16 मार्च की सुबह करीब 9:10 बजे वह कलायत बस स्टैंड पर खड़ा था और हिसार जाने वाली बस में चढ़ने लगा। उसी दौरान अज्ञात युवक उसके पास आया और भीड़ का फायदा उठाकर उसकी पैंट की साइड वाली जेब से 20 हजार रुपये निकाल ले गया। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा 18 हजार रुपये बरामद कर लिए ।

## डिजिटल प्लेटफॉर्म से वित्तीय प्रबंधन होगा पारदर्शी

- ग्राम सचिवों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

गांव की सरकार भी डिजिटल भारत के साथ कदम से कदम मिलाकर चलनी चाहिए। इसके लिए ग्राम सचिवों, सरपंचों ओर ग्राम - सरकार के अन्य सभी जिम्मेदार लोगों को विभिन्न पोर्टलों के संचालन में सिद्धहस्त होना होगा। इसके लिए इन दिनों समूचे प्रदेश में प्रशिक्षण का अभियान चल रहा है। ये बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे जिला परिषद कैथल में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ग्राम सचिवों के लिए विभिन्न पोर्टलों के विशेष प्रशिक्षण कार्यफ्म में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के समन्वयक डी पी एम ललित एवं ए डी पी एम अनु रानी ने डॉ. चौहान का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



कैथल। डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान प्रशिक्षणार्थियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### पोर्टल की दी जानकारी

कार्यक्रम के समन्वयक डी पी एम ललित ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे सरकारी योजनाओं का बेहतर पियन्वयन कर सकें। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पोर्टलों के उपयोग की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर एडीपीएम अनु रानी, ग्राम सचिव रिया मदान, इस अवसर पर विनोद शर्मा ग्राम सचिव, राजबीर ग्राम सचिव, जसविंदर गिल सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## डैमो के माध्यम से दांतों व मुख की साफ-सफाई की दी जानकारी

# नागरिक अस्पताल में मनाया वर्ल्ड ओरल हेल्थ-डे

*गर्भवती महिलाओं को दांतों व मुख की साफ -सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जिला मुखयालय स्थित नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के दंतक विभाग द्वारा वल्ड ओरल हैल्थ-डे का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने की। डिप्टी सीएमओ दंतक डा. रमेश पांचाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस प्रति वर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। इस बार कार्यक्रम की स्वस्थ मुख-स्वास्थ्य जीवन का आधार है। यदि हम अपने मुंह की साफ.-सफाई का ध्यान रखते हैं तो हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है। डा. रमेश पांचाल ने कहा कि लोगों को बीडी, सिगरेट, पान, सुपारी, तम्बाकु उत्पाद, गुटखा, खैनी, जर्दा का सेवन नहीं करना चाहिए। इसी कारण आज पूरे भारतवर्ष में मुंह का कैंसर, गले का कैंसर, जीभ का कैंसर आदि मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सभी लोगों को दंत विभाग, में मुंह से संबंधित सभी बीमारियों की उपचार सुविधा उपलब्ध है। अतः हमें नियमित अपने मुंह की साल में दो बार जांच अवश्य करवाते रहना चाहिए।



जींद। दांतों की साफ-सफाई की जानकारी देते हुए डा. पोरस। फोटो : हरिभूमि

### 20 मार्च से 20 अप्रैल तक चलेगा कार्यक्रम

वरिष्ठ दंतक सर्जन डा. दिनेश गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम 20 मार्च से 20 अप्रैल तक चलाया जाएगा। हमें अपने दांतों व मुख की स्वच्छता के प्रति सतर्क रहना चाहिए। इस दौरान उन्होंने एक डैमो के माध्यम से दांतों व मुंख की साफ.-सफाई व स्वच्छता बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमें प्रतिदिन दो बार सुबह उठने के बाद व शाम को खाना खाने के बाद दांतों व मुख की सफाई करनी चाहिए। यदि हमारा मुंह स्वस्थ है तो हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा। यदि मुंह के अंदर कोई भी छाला तीन सप्ताह से ज्यादा रहता है और जल्दी ठीक नही होता या फिर कोई दांत मुंह में चुभता हो, तो उसके लिए तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर दंत चिकित्सक से संपर्क कर परामर्श लेना चाहिए। बच्चों को अनहैल्दी फास्ट फूड, टॉफी,चॉकलेट नहीं खाना चाहिए।

## सीएम नायब 26 को अयोध्या के लिए विशेष ट्रेन को दिखाएंगे झंडी

**कैथल।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आवेदन करने वाले श्रद्धालुओं को इस बार अयोध्या धाम की यात्रा करवाकर भगवान श्रीराम के दर्शन करवाए जाएंगे। आगामी 26 मार्च को अंबाला से विशेष ट्रेन को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर इस विशेष ट्रेन को रवाना करेंगे। जो चौथे दिन श्रद्धालुओं को वापस लेकर आएगी। इस तीर्थ यात्रा में श्रद्धालुओं के लिए रहना, खाना एवं तीर्थ यात्रा भ्रमण का खर्च हरियाणा सरकार उठाएगी। निर्धारित नियम-योजना के लाभ के लिए आवेदनकर्ता का सरकार द्वारा जारी किए गए किसी पहचान पत्र की प्रति जिसमें आधार कार्ड या पैन कार्ड हो सकता है।

## राहुल गांधी को अपने विधायकों पर विश्वास नहीं : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष चौधरी टेकराम कंडेला ने कहा कि कांग्रेस के विपक्ष के नेता राहुल गांधी को अपने ही वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं पर और विधायकों पर किसी प्रकार का कोई भरोसा नहीं है। कंडेला ने कहा है कि जिस प्रकार से ऊपरी हाई कमान से राज्यसभा का उम्मीदवार थोंपा गया, उसे विधायकों में पूरी तरह से नाराजगी थी। इसके कारण कांग्रेस के सभी विधायकों को एक बस में रोक कर हरियाणा से बाहर दूसरे प्रदेश में पहुंचा दिया। जिससे हरियाणा प्रदेश के विधायकों में नाराजगी का माहौल है। उन्होंने कहा कि निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल को अधिकतर कांग्रेसी विधायक अपने अंतर आत्मा से वोट देना चाहते थे, जबकि कांग्रेस की हाई कमान ने इस तरह से बंदी बना कर लोकतंत्र की हत्या की है। इस देश की राजनीति पर बुरा असर पड़ रहा है। अगर इस तरह से विधायकों को बंदी नहीं बनाया जाता है तो जिस प्रकार से कांग्रेस के पांच विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की है और वोटिंग इस प्रकार से नहीं हो पाती। सतीश नांदल और ज्यादा वोटों से विजय घोषित हो जाते। कांग्रेस पार्टी झूठ और लूट की राजनीति करती आ रही है।



टेकराम कंडेला।